## महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण

डौण्डी . शासकीय कंगला माझी महाविद्यालय में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानन्द उद्यान में पारिजात, लॉग, नीम्बू, मधुमालती, नरगिस, एक्जोरा आदि को क्रय कर वृक्षारोपण किया गया. इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश जैन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र, सांसद प्रतिनिधि विनय जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी दीपक मेश्राम के साथ-साथ महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक एनके साकरे, आरपी निषाद, आर. देशमुख, योगेश्वर साहू अतिथि व्याख्याता एवं कार्यालयीन सदस्य उपस्थित रहे. साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों में निखिल भारद्वाज, प्रवीण कुमेश, गणेश्वर आदि सक्रिय भूमिका निभाये.

दैनिक भास्कर [redacted]

# Massive tree plantation drive organised in Dondi Govt College

23/07/18

■ **Our Correspondent**
DONDI, July 23

A massive tree plantation drive was held in two phases at Government Kangla Manjhi College under Harihar Chhattisgarh Scheme, on Saturday. The programme was organised under the joint aegis of unit of National Service Scheme and College faculty members.

In the first phase, saplings of more than 60 fruit-bearing trees were planted in the college premises under the supervision of Principal Dr U K Mishra and NSS Program Officer V K Koma.

During the programme, Principal Mishra said, in present time, environment is getting harsher and tree plantation would at least help protecting environment upto some extent. And it would also help maintaining ecosystem. He also laid stress on cleanliness.



Sapling plantation in progress.

V K Koma motivated students to plant at least one sapling in their life and protect it until it grows and become a tree.

On this occasion, College faculty members N K Sakrey, Radheshwari Deshmukh , Ishu Mankar, Shivam Dubey, Deepak Mishra along with others were present.

Dainik Bhaskar

Dainik Bhaskar – 22/07/18

# वातावरण स्वच्छ रखने के लिए जरूरी है पौधारोपण

डौंडी|हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत शनिवार को जुलाई को शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व कॉलेज परिवार के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण किया गया। प्रथम चरण में प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र के मार्गदर्शन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी व्हीके कोमा के नेतृत्व में कॉलेज परिवार की ओर से 60 फलदार, छायादार व औषधि पौधों का रोपण किया।

प्राचार्य मिश्र ने कहा कि आज जिस तरह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उसे स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। व्हीके कोमा ने कहा कि सभी को जीवन में एक पौधा लगाकर पेड़ बनते तक सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना चाहिए। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. गिरिजा पटैला, एनके साकरे, राधेश्वरी देशमुख, योगेश्वर साहू, दीपक मेश्राम के साथ छात्र-छात्राएं ईशु मानकर, राहुल कुमार, खोमन लाल, शिवम दुबे, कामिनी यादव, यमुना, भीमराव उपस्थित थे। द्वितीय चरण में गोद ग्राम खैरवाही में 40 फलदार, छायादार व औषधि पौधे कटहल, अमरूद, गुलमोहर, काजू, बेल, आम, अनार, पपीता का रोपण किया गया।



डौंडी के कॉलेज व गोद ग्राम खैरवाही में पौधारोपण करते हुए।

Deenik Bhaskar 20/08/18

# रासेयो के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

## आंगनबाड़ी के अलावा खेल मैदान को साफ किया

20/08/18

भास्कर न्यूज | डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियां की। प्रमुख रूप से स्वच्छता शपथ, कॉलेज की सफाई, ग्रंथालय, प्रयोगशाला, कार्यालय, शौचालय की साफ-सफाई कर गोद ग्राम खैरवाही में डोर-टू-डोर जाकर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

साथ ही शौचालय का उपयोग करने जागरूक किया। स्वच्छ भारत निर्मल भारत की थीम पर एक दिवसीय शिविर भी लगाया। कॉलेज के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी व्हीके कोमा के नेतृत्व में खैरवाही के गलियों, नालियों, हैंडपंप, कलामंच परिसर, आगंनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन व स्कूल खेल मैदान की सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवकों ने स्कूली बच्चों व गांव के लोगों के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. गिरिजा पटैला, एनके साकरे, आरपी निषाद, राधेश्वरी देशमुख, योगेश्वर साहू, दीपक मेश्राम, अंकित सिन्हा, खोमन लाल, ईशु मानकर, पंकज कुमार, दामिनी, मोनिका, कामिनी, रामेन्द्र, पीलेश्वर, भीमराज, निशा गुप्ता, चंचल दर्रो, यमुना, गगन कुमार, जयंत कुमार का सहयोग रहा।

दैनिक भास्कर 18/07/18 (वृक्षारोपण)

# कॉलेज परिसर में कटहल, नीम, बेल, बादम के 150 पौधे रोपे

**भास्कर न्यूज|डौंडी**

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज परिसर में शनिवार को 50 छायादार, 50 फलदार व 50 सजावटी पौधे लगाए गए। बेल, काजू, बादाम, कटहल, नीम, गुलमोहर, करंज, आम, गुड़हल प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

पौधारोपण के महत्व को बताते हुए प्राचार्य यूके मिश्र ने कहा कि वृक्ष और मनुष्य का सीधा संबंध है क्योंकि वृक्षों से ही मनुष्यों को शुद्ध आक्सीजन मिलता है। जो उसके जीवन का आधार है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ गिरिजा पटैला ने कहा कि विश्व में औद्योगिकीकरण के कारण जिस गति से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इसका सीधा प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसलिए पौधारोपण करना अनिवार्य हो गया है। प्रोफेसर एनके सांकरे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण पर्यावरण का परिवर्तन असंतुलन है। अगर हमें पर्यावरण को संतुलित करना है तो पौधारोपण जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व्हीके कोमा ने पौधारोपण के संबंध में कहा कि पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है। हमें पौधों को रोपित कर पौधो का देखभाल एक शैशव बच्चे की तरह करना चाहिए, ताकि वह एक बड़ा वृक्ष बन सके। कार्यक्रम में 135 छात्राओं के साथ-साथ कालेज के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## पदोन्नति के लिए अंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित

**बालोद|**जिले के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत सहायक शिक्षक पंचायत (वर्ग 03) की पदोन्नति शिक्षक पंचायत (वर्ग 02) में किए जाने के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से शिक्षाकर्मियो के प्राप्त प्रस्ताव अनुसार वरिष्ठता सूची जारी कर दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। प्राप्त दावा आपत्ति निराकरण के बाद अंतरिम सूची का प्रकाशन किए जाने के लिए सूची विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को भेजी गई थी। जिसका अवलोकन संबंधित सहायक शिक्षक पंचायत ने बीईओ कार्यालय में किया। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि शिक्षाकर्मियों द्वारा दावा आपत्ति के साथ प्रस्तुत प्रमाण पत्रों के आधार पर दावा मान्य कर सुधार किया गया। सुधार के बाद अंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित होगी।